पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट सं. 4, सेक्टर- 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075

**प्रेस विज्ञप्ति**

**30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम**

**मुख्य बिन्दु**

- **वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में शुद्ध लाभ ₹ 1255 करोड़ रहा जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 307.02% की वृद्धि हुई।**
- वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के दौरान परिचालन लाभ ₹ 5968 करोड़ रहा जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.95% की वृद्धि हुई।
- वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में शुद्ध ब्याज आय वर्ष दर वर्ष आधार 26.00% की वृद्धि के साथ ₹ 9504 करोड़ हो गई।
- वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में वैश्विक एनआईएम 29 बीपीएस सुधरकर 3.08 % हो गया, जो वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही में 2.79 % था।
- जीएनपीए अनुपात जून 22 के 11.27 % से वर्ष दर वर्ष 354 बीपीएस सुधरकर जून 23 में 7.73% हो गया।
- एनएनपीए अनुपात जून 22 के 4.28 % से वर्ष दर वर्ष 230 बीपीएस सुधरकर जून 23 में 1.98 % हो गया।
- टीडब्ल्यूओ सहित प्रावधान कवरेज अनुपात जून 22 के 83.04 % से वर्ष दर वर्ष आधार पर 679 बीपीएस सुधरकर जून 23 में 89.83 % हो गया।
- टीडब्ल्यूओ छोड़कर प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) जून 22 के 64.79 % से वर्ष दर वर्ष आधार पर 1105 बीपीएस सुधरकर जून 23 में 75.84 % हो गया।
- स्लीपेज अनुपात वित्त वर्ष'23 के प्रथम तिमाही में 3.75 % से सुधरकर जून'24 की प्रथम तिमाही में 1.19 % हो गया।
- वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में ऋण की लागत 47 बीपीएस गिरकर वर्ष दर वर्ष आधार पर 1.99 % हो गई।
- जून'23 में वैश्विक कारोबार 14.3 % बढ़कर ₹2214741 करोड़ हो गया, जो जून'22 में ₹ 1936924 करोड़ था।
- वैश्विक जमा जून'23 में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 14.18 % बढ़कर ₹ 1297905 करोड़ हो गया।
- वैश्विक अग्रिम जून' 23 में वर्ष दर वर्ष आधार पर 14.58.% बढ़कर ₹ 916836 करोड़ हो गया।
- जून 23 को रैम का शेयर 217 बीपीएस की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 54.74% रहा।

**प्रमुख मापदंडों में व्यावसायिक प्रदर्शन (30.06.2023)**

- बचत जमा जून'22 में ₹ 447258 करोड़ से बढ़कर जून' 23 में ₹ 464004 करोड़ हो गया।
- जून 23 में चालू जमा ₹66838 करोड़ रहा।
- जून 23 में कासा शेयर (घरेलू) 41.9 % रहा।
- कोर खुदरा अग्रिम जून'23 में वर्ष दर वर्ष आधार पर 16.2 % बढ़कर ₹ 141040 करोड़ हो गया।
- कोर खुदरा ऋण में,
  - आवास ऋण वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.5% की वृद्धि के साथ ₹83893 करोड़ हो गया।
  - वाहन ऋण वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 27.1% की वृद्धि के साथ ₹ 17093 करोड़ हो गया।
  - व्यक्तिगत ऋण वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 46.4 % की वृद्धि के साथ ₹ 18940 करोड़ हो गया।
- कुल खुदरा ऋण जून'22 में ₹ 146321 करोड़ जून' 23 में वर्ष दर वर्ष आधार पर 40.14% बढ़कर ₹205058 करोड़ हो गया।
- जून 23 में कृषि अग्रिम वर्ष दर वर्ष आधार पर 9.26 % बढ़कर ₹ 145572 करोड़ हो गया।
- जून 23 में एमएसएमई अग्रिम वर्ष दर वर्ष आधार पर 5.96 % बढ़कर ₹ 132398 करोड़ हो गया।

## लाभप्रदता

- वित्तीय वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय ₹9504 करोड़ रहा जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 26.0% की वृद्धि दर्ज हुई।
- वित्तीय वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के लिए बैंक की कुल आय ₹ 28579 करोड़ रहा जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 34.2% की वृद्धि दर्ज हुई।
- वित्तीय वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के लिए बैंक की कुल ब्याज आय ₹ 25145 करोड़ थी जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 34.1% की वृद्धि दर्ज हुई।
- वित्तीय वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के लिए गैर-ब्याज आय ₹ 3434 करोड़ थी, जिसमें तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 35.3 % वृद्धि हुई।
- वित्तीय वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के लिए बैंक की कुल ब्याज व्यय ₹15641 करोड़ था जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 39.5 % की वृद्धि दर्ज हुई।
- वित्तीय वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के लिए अन्य परिचालन व्यय ₹2483 करोड़ था जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 15.3 % की वृद्धि दर्ज हुई।

## दक्षता अनुपात/उत्पादकता अनुपात

- अग्रिमों पर वैश्विक प्रतिफल वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही के 6.49 % की तुलना में वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में 8.05 % रहा।
- जमा की वैश्विक लागत वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही के 3.79 % की तुलना में वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में 4.72 % रही।
- जून'22 में प्रति कर्मचारी कारोबार ₹ 19.14 करोड़ से बढ़कर जून'23 में ₹ 22.22 करोड़ हो गया।
- जून'22 में प्रति शाखा व्यवसाय ₹188.85 करोड़ से बढ़कर जून'23 में ₹214.77 करोड़ हो गया।
- वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही में प्रति कर्मचारी निवल लाभ ₹ 1.24 लाख से सुधरकर वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में ₹5.18 लाख हो गया।
- वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही में प्रति शाखा निवल लाभ ₹ 12.28 लाख से सुधरकर वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में ₹ 49.95 लाख हो गया।

## आस्ति गुणवत्ता

- सकल अनर्जक आस्तियां (जीएनपीए) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर जून 22 को ₹90167 करोड़ की तुलना में 19268 करोड़ घटकर जून 23 में ₹ 70899 करोड़ रहीं।
- शुद्ध अनर्जक आस्तियां (एनएनपीए) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर जून 22 को ₹31744 करोड़ की तुलना में 14615 करोड़ घटकर जून 23 में ₹ 17129 करोड़ रहीं।

## पूँजी पर्याप्तता

- जून 22 को सीआरएआर 14.82% से सुधरकर जून'23 को 15.54 % हो गया। टियर- I 12.29 % पर है (सीईटी-1 10.85% पर था, एटी1 1.44 %) पर था और टियर-II जून 23 में 3.25 % पर है।

## प्राथमिकता क्षेत्र कार्यनिष्पादन

- प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम 40% के राष्ट्रीय लक्ष्य से अधिक थी और एएनबीसी के 42.52 % पर थी
- कृषि अग्रिम 18% के राष्ट्रीय लक्ष्य से अधिक हो गई और एएनबीसी के 18.12 % पर थी
- कमजोर वर्ग को ऋण 12% के राष्ट्रीय लक्ष्य से अधिक हो गई और एएनबीसी के 13.52 % पर थी
- सूक्ष्म उद्योग को ऋण 7.5 % के राष्ट्रीय लक्ष्य से अधिक हो गई और एएनबीसी के 8.16 % पर थी

## वित्तीय समावेशन

- पीएमजेडीवाई खाता जून' 22 के 429 लाख से बढ़कर जून' 23 को 466 लाख हो गया।
- पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के अंतर्गत नामांकन:-

*(सं. लाख में)*

| जनसुरक्षा योजना में नामांकन | 30.06.2022 | 30.06.2023 |
|---|---|---|
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना | 45.36 | 58.99 |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना | 187.03 | 221.73 |
| अटल पेंशन योजना | 21.74 | 30.12 |

## डिजिटलीकरण में प्रगति

- वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही में यूपीआई लेनदेन की संख्या 3.4 गुना बढ़कर 26.3 लाख हो गई जो वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही में 7.6 लाख थी।
- वित्त वर्ष'24 के दौरान सक्रिय पीएनबी वन (मोबाइल ऐप) उपयोगकर्ता 139% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 134 लाख हो गए जो वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही में 56 लाख थी ।
- वित्त वर्ष'24 के दौरान पीएनबी वन (मोबाइल ऐप) के माध्यम से किए गए लेनदेन की संख्या 1.8 गुना बढ़कर 112 लाख हो गई जो वित्त वर्ष'23 की प्रथम तिमाही में 62 लाख थी।
- वित्त वर्ष'24 की प्रथम तिमाही के दौरान इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के उपयोगकर्ता 15% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 399 लाख हो गए।

## पीएनबी वन ऐप को अपनाना

- औसत दैनिक डाउनलोड मार्च 22 के 14.6 हजार से बढकर जून'**23** में 28.9 हजार हो गया।
- औसत दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता मार्च 22 के 3.3 लाख से बढकर जून'**23** में 6.7 लाख हो गया।
- दैनिक लॉगिन मार्च 22 के 6 लाख से सुधरकर जून'**23** में 13 लाख हो गया।
- दैनिक लेनदेन मार्च 22 के 76 हजार से सुधरकर जून'**23** में 130 हजार हो गया।

## डिजिटल बैंकिंग भावी दिशा

**बैंक निम्नलिखित डिजिटल यात्राओं के लॉन्च के माध्यम से सेवाओं को सुलभ बनाने और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है:**

**खुदरा खंड:**

- **डिजिटल आवास ऋण** – पूर्व अनुमोदित आवास ऋण प्रदान करने हेतु
- **डिजिटल वाहन ऋण –** बैंक के मौजूदा ग्राहकों को डिजिटल वाहन ऋण प्रदान करना ।
- **प्रतिभूतियों (ईएलएएस) के एवज में ऋण** – व्यक्तिगत उपयोग हेतु मौजूदा ग्राहक के लिए बॉन्ड/डिबेंचर/शेयर/म्यूचुअल फंड/सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के एवज में प्रतिभूति
- डिजिटल शिक्षा ऋण

**एमएसएमई खंड:**

- **ई-जीएसटी एक्सप्रेस**- पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस ऋण के माध्यम से जीएसटी के एवज में डिजिटल ऋण
- **पीएम ई-स्वनिधि**- स्वनिधि ऋण को सभी पात्र शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए अधिक सरलता और आसानी से सुलभ बनाना।

**कृषि खंड:**

- **ई-एनडब्ल्यूआर (ई-गोदाम)** - इलेक्ट्रॉनिक परक्राम्य गोदाम रसीद के एवज में वित्तपोषण।
- **कृषि स्वर्ण ऋण**- सोने के आभूषणों की प्रतिभूति के एवज में व्यक्तिगत उपयोग के लिए ईटीबी/एनटीबी ग्राहकों को परेशानी मुक्त ऋण प्रदान करना
- कृषि मूल्य श्रृंखला वित्तपोषण

## संवितरण नेटवर्क

- 30 जून'23 की स्थिति के अनुसार, बैंक की कुल घरेलू शाखाएँ 10080 हैं। ग्रामीण: 3898 (39%), अर्धशहरी: 2456 (24%), शहरी: 1988 (20%) तथा महानगरीय:1728 (17%), 2 अंतरराष्ट्रीय शाखाएं, 12820 एटीएम तथा 25115 बीसी है।

## पुरस्कार और सम्मान

बैंक ने वित्त वर्ष'24 के दौरान निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किए:

- पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा अटल पेंशन योजना (एपीवाई) राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और वार्षिक लक्ष्य उपलब्धि पुरस्कार।
- इंफोसिस फिनेकल इनोवेशन अवार्ड्स 2023:
  - ग्राहक जुड़ाव को अधिकतम करना - प्लैटिनम विजेता-पीएनबी वन - सुपर ऐप
  - चैनल इन्नोवेशन - गोल्ड विनर-ई-ओटीएस
- पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एनपीएस सम्मान कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी के तहत तीसरा स्थान।
- उद्योग में सर्वश्रेष्ठ डेटा गुणवत्ता (डीक्यू) - ट्रांसयूनियन सिबिल द्वारा उपभोक्ता खंड में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सूचकांक।

## बैंक की सोशल मीडिया में उपस्थिति : (प्रशंसकों की संख्या)

- फेसबुक: 23.10 % की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 1926827 https://www.facebook.com/pnbindia/
- ट्विटर: 35.23 % की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 413200 https://twitter.com/pnbindia
- लिंक्डइन: 30.42 % की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 121508 https://in.linkedin.com/company/pnbindia
- इन्स्टाग्राम: 51.97 % की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 137741 https://www.instagram.com/pnbindia
- यूट्यूब: 63.26 % की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 138000 https://www.youtube.com/pnbindia
- कू : 157.50 % की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 44300 https://www.kooapp.com/pnbindia

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 26.07.2023